परीक्षा के बाद वैरिफिकेशन कार्ड जमा नहीं किया तो होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि से संबद्ध समस्त राजकीय, विवि कैंपस, स्ववित्तपोषित संस्थान को सेमेस्टर परीक्षा के तुरंत बाद वैरिफीकेशन कार्ड, उपस्थिति रजिस्ट्रर आदि को विवि में जमा करना होगा। सभी दस्तावेजों की प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखनी होगी। सेमेस्टर परीक्षा के दिन सभी प्रकार के दस्तावेज विवि को नहीं भेजने वाले संस्थान के निदेशक या प्राचार्य पर कार्रवाई की जाएगी।

विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल ने यूटीयू से संबद्ध सभी संस्थानों के प्राचार्य/निदेशकों को निर्देशित किया कि यूटीयू की ओर से वर्तमान में सेमेस्टर परीक्षा संपादित की जा रही है। विभिन्न परीक्षाओं के संचालन में थ्योरी और प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए उपयोग में लाई गई परीक्षा सामग्री जैसे वैरिफीकेशन कार्ड, कक्षाओं में उपस्थिति, उत्तर पुस्तिका आदि परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद विवि को उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सात जनवरी से यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा संचालित की जा रही है। वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों के विगत सत्र-2022-23 एवं 2023-24 की समस्त विवि परीक्षाओं से संबंधित मूल अभिलेख विवि को संकलित सूचि सहित जमा करना सुनिश्चित करें। संबंधित संस्थान अपने रिकार्ड के लिए उक्त प्रपत्रों की स्केन कापी संरक्षित करे, उक्त नियम विवि की समस्त परीक्षाओं में कड़ाई से अनुपालन किया जाना है।

> यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा के तुरंत बाद संबंधित दस्तावेजों को विवि में जमा करना होगा। जो संस्थान समय पर संबंधित दस्तावेजों को जमा नहीं कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> **-प्रो. ओंकार सिंह,** कुलपति यूटीयू